Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष ३० अंक- २० प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो १६-३१ अक्टूबर २०२० पृष्ठ ०८ मूल्यः १० रु.मात्र (रंगीन सहित मूल्यः १५ रु.मात्र)

## स्वामित्व योजना से ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने में मिलेगी मदद-प्रधानमंत्री




प.सू.का/नई दिल्ली। स्वामित्व योजना के तहत संपत्ति कार्ड के वितरण का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया और योजना के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। प्रधानमंत्री ने स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को शुभकामनाएं दीं, उन्होंने कहा कि देश ने एक अतिमहत्वाकांक्षी भारत की ओर एक और बड़ा कदम उठाया है, क्योंकि इस योजना से ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के एक लाख लाभार्थियों को आज उनके घरों के कानूनी कागजात सौंप दिए गए हैं और अगले तीन-चार वर्षों में देश के प्रत्येक गांव में हर परिवार को ऐसे संपत्ति कार्ड देने का वादा किया। विपक्ष की आलोचना करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग नहीं चाहते हैं कि हमारे किसान आत्मनिर्भर बनें, उन्हें कृषि क्षेत्र में सुधारों से समस्याएं हैं। छोटे किसानों, गोपालकों और मछुआरों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड शुरू करने से दलालों और बिचौलियों को परेशानी हो रही है, उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के कारण देश में विकास रुकने वाला नहीं है और गांव तथा गरीबों को आत्मनिर्भर बनाना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस संकल्प की सिद्धि के लिए स्वागमित्व् योजना की भूमिका भी अत्येधिक महत्वपूर्ण है।

## रेलवे देगी किसानों को फलों व सब्जियों के लिए ५० प्रतिशत सब्सिडी



नई दिल्ली। अब फल व सब्जियों को किसान रेल के जरिए सस्ती दर पर एक जगह से दूसरी जगह भेज सकेंगे लदान पर किसानों को ५० प्रतिशत सब्सिडी भी दी जाएगी। हालांकि, किसान अधिसूचित की गई सब्जियों व फलों पर ही इस सब्सिडी का लाभ उठा सकेंगे। ट्वीट के माध्यम से केंद्रीय रेल मंत्री पीयूष गोयल ये जानकारी देते हुए कहा कि किसान रेल के माध्यम से अधिसूचित की गई सब्जियां व फलों को किसान रेल के माध्यम से लदान करते है तो उन्हें ऑपरेशन ग्रीन योजना के तहत रेलवे किसानों को फलों व सब्जियों के लिए ५० प्रतिशत सब्सिडी देगी। १० फलों में आम, केला, अमरूद, कीवी, लीची, पपीता, खट्टे फल, अनानास, अनार, कटहल और ८ सब्जियों में फ्रेंच बीन्स, लौकी, बैंगन, शिमला मिर्च, गाजर, फूलगोभी, मिर्च को ामिल किया गया है। रेलवे ने इसी योजना के तहत फल व सब्जियों की किसान रेल से ढुलाई पर ५० प्रतिशत सब्सिडी देने का ऐलान किया है। रेल मंत्रालय ने कहा है कि इस योजना को खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय ने टमाटर से ऑपरेशन ग्रीन योजना को आगे बढ़ाया।

## त्योहार पर सुरक्षित रेल यात्रा के लिए बरतें सावधानियां



रे.स.ब्यूरो./संवा। कोरोना संकट के चलते त्योहारी सीजन में रेल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर रेलवे बेहद संजीदा है। कोविड-१६ के दौरान सभी यात्रियों को अधिक सावधानी बरतने और सतर्क रहने के लिए रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष वीके यादव ने कहा कि हमें जागरूक रहना पड़ेगा, इसके साथ ही उन्होने यात्रा के दौरान मास्क पहनने, बार-बार हैंड सैनिटाइज करने और सोशल डिस्टेंसिंग समेत सभी कोरोना बचाव संबंधी नियमों का पालन करने की रेल यात्रियों से अपील की की है। यही नहीं ट्रेन से सफर करने के दौरान दिशानिर्देशों का पालन नहीं करने पर रेल अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला भी दर्ज किया जा सकता है और जेल की हवा भी खानी पड़ सकती है। यह जानकारी रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने बुधवार दिनांक १४.१०.२०२० को दी। बतादें कि आरपीएफ ने त्योहारी सीजन को देखते हुए रेल यात्रियों के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं ताकि वे कोविड-१६ महामारी के बीच सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंच सकें।



# नौगढ़ रेलवे स्टेशन का नाम हुआ अब सिद्धार्थनगर

प.सू.का/नई दिल्ली। नौगढ़ के समीप लुम्बिनी में वीडियो लिंक से रेल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने नौगढ़ रेलवे स्टेशन का नाम बदल कर सिद्धार्थनगर किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि महात्मा बुद्ध का जन्म होने एवं इस क्षेत्र से उनके जीवन घटनाओं से जुड़े होने के कारण जन- आकांक्षाओं को देखते हुये नौगढ़ रेलवे स्टेशन का सिद्धार्थनगर रेलवे स्टेशन में परिवर्तित नाम का लोकार्पण हुआ। रेलमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले छः वर्षों में ४६० किमी. नई रेल लाइन निर्माण, ५३१ किमी. दोहरीकरण तथा ४८६ किमी. आमान परिवर्तन का कार्य पूरा किया गया। रेल मंत्री ने कहा कि माल लदान में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। सितम्बर, २०२० में लोडिंग पिछले वर्ष की तुलना में लगभग ८० प्रतिशत अधिक है। इस अवसर पर सांसद जगदम्बिका पाल ने रेल मंत्री को धन्यवाद देते हुये कहा कि रेल के माध्यम से विकास का कार्य तेजी से किया जा रहा है। पाल ने कहा कि रेलवे ने लॉकडाउन के दौरान श्रमिक विशेष गाड़ियां चलाकर प्रवासी श्रमिकों को उनके गंतव्य तक पहुँचाया।



खलीलाबाद- बहराइच नई लाइन निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय जनता की मांगों से रेल मंत्री को अवगत कराया। अतिथियों का स्वागत करते हुये मण्डल रेल प्रबन्धक/लखनऊ मोनिका अग्निहोत्री ने कहा कि यह क्षेत्र ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक रूप से काफी समृद्ध है। इस स्टेशन पर आदर्श स्टेशन के अनुरूप सभी यात्री सुविधाएं उपलब्ध करा दी गयी है। वेब लिंक के माध्यम से विधायक श्याम धनी, पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक एल.सी.त्रिवेदी एवं वरिष्ठ रेल अधिकारी उपस्थित थे।

# स्टेशन और ट्रेनों में बदलेगा अब खाने का जायका

रे.स.ब्यूरो./सूत्र। पूर्व की भांति रेलवे ने यात्रियों को कोरोना कॉल में ट्रेनों और रेलवे स्टेशन पर भोजन उपलब्ध कराने की तैयारी रेलवे बोर्ड स्तर से शुरू हो गई है। जहां ट्रेनों एवं स्टेशनों पर वेज और नॉनवेज आइटम में बढ़ोतरी होगी, वहीं यात्रियों को आने वाले दिनों में प्रमुख होटलों के भोजन भी उपलब्ध हो जाएंगे। रेलवे की तैयारी है कि कॉम्बो मील का दायरा और बढ़ाया जाए। इसके लिए आने वाले दिनों में मेन्यू में बदलाव दिख सकता है। मेन्यू बदलने पर रेलवे बोर्ड की मुहर लगने से थाली में लजीज व्यंजन तो जगह लेंगे ही साथ ही होटलों की तरह मनपसंद आइटम का स्वाद भी यात्री ले सकेंगे। बताया जा रहा है कि रेलवे में यात्रियों को दी जाने वाली पारंपरिक थाली के स्थान पर होटलों की थाली स्थान ले सकती है। इसके अलावा वेज और नॉनवेज के आइटम भी बढ़ेंगे।


# महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल ने किया राजेन्द्र नगर कोचिंग कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण



रे.स.ब्यूरो./सूत्र। हाजीपुरः पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ललित चंद्र त्रिवेदी ने दिनांक ०५.१०.२०२० को राजेन्द्र नगर कोचिंग कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने कहा की कोचों के बेहतर अनुरक्षण के मामले में इस कोचिंग डिपो ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

बतादें कि राजेंद्र नगर कोचिंग कॉम्प्लेक्स डिपो ISO -९००१ - १४००१ प्रमाणित है तथा यह भारतीय रेल के टॉप-५ कोचिंग डिपो में से एक है। निरीक्षण के दौरान प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर अशोक कुमार मिश्रा, दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार, मुख्य चल स्टॉक इंजीनियर / कोचिंग अतुल प्रियदर्शी सहित मुख्यालय तथा दानापुर मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# COVID awareness Campaign held at Southern Railway



Source PR Deptt. SR: Government of India has launched a massive campaign to spread awareness on CoVID appropriate behaviour and preventive measures to be followed in view of the upcoming festival/winter seasons. Southern Railway, in support of the National cause also has initiated an intensive drive targeting its employees and rail passengers. Earlier on 8th of October 2020, a CoVID awareness pledge was administered by Shri John Thomas, General Manager, Southern Railway to all the Principal Heads of Departments, Divisional Railway Managers, Other Officers and staff through virtual means. Officers and staff working at Railway Offices, Workshops, railway stations also took the pledge at their respective wokspots duly observing social distancing and other safety protocols. In order to foster awareness among employees, rail passengers and general public, CoVID awareness posters were displayed at conspicuous locations at railway stations and offices.

# संरक्षित और कुशल ट्रेन संचालन में उत्तर मध्य रेलवे ने हासिल किया नई उपलब्धि

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे ने कोविड -१९ स्थिति के बावजूद संरक्षित और कुशल ट्रेन संचालन में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। एक रिकॉर्ड प्रदर्शन में दिनांक ११.१०.२०२० को प्रयागराज मण्डल का थ्रूपुट ३५० मालगाड़ी रहा, जो कि १ अक्टूबर २० के ३२९ ट्रेनों की तुलना में २१ ट्रेनें अधिक है। १७४ इनकमिंग और १७६ आऊटगोइंग मालागाड़ियों के साथ प्रयागराज मण्डल द्वारा ३५० मालगाड़ियाँ जिनमें कुल १७१२६ वैगन थे का इंटरचेंज किया गया। इंटरचेंज के इस सर्वोच्च प्रदर्शन में पं दीन दयाल उपाध्याय मण्डल का ५८ माल गाड़ियों का मेड ओवर शामिल है, जो कि मुगलसराय मण्डल का दिनांक ३०.०१.२०१६ का मेड ओवर ५७ ट्रेनों के पिछले प्रदर्शन से एक ट्रेन अधिक है। बतादें कि उत्तर मध्य रेलवे ने कुशल चालक दल प्रबंधन में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जिसमें ऑनलाइन एप आधारित पारदर्शी चालक दल के नामित लोको इंसपेक्टर द्वारा मूल्यांकन आदि शामिल हैं। मालगाड़ी परिचालन में इस दुर्लभ उपलब्धि को हासिल करने के लिए महाप्रबंधक उत्तर मध्य एवं उत्तर रेलवे राजीव चौधरी ने प्रयागराज मण्डल को बधाई दी।

# बहादुरी के लिए वीरेंद्र कुमार निरीक्षक, रेलवे सुरक्षा बल, रेल मंत्री पदक से हुए सम्मानित




रे.स.ब्यूरो./सूत्र. बिलासपुर। वीरेंद्र कुमार, निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, वर्तमान तैनाती पूर्वोत्तर रेलवे को वर्ष २०१६ हेतु बहादुरी के लिए रेल मंत्री पदक से सम्मानित किया गया। बतादें कि वीरेंद्र कुमार, उसलापुर आउटपोस्ट बिलासपुर मण्डल मे तैनाती के दौरान दिनांक २१ अगस्त, २०१६ को गाड़ी संख्या १८२३६ बिलासपुर- भोपाल पैसेंजर मे अन्य बल सदस्यों के साथ गुप्त निगरानी मे तैनात थे। अपराधियों द्वारा उक्त गाड़ी को चैन पुलिंग करके रोक कर यात्रियो से लूटपाट करने लगे,जिस पर वीरेंद्र कुमार द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को पकड़ लिया। जिनसे उनके कलाई मे चोट भी आई। चोट के बावजूद भी वीरेंद्र कुमार द्वारा आरोपी को छोड़ा नहीं गया। यह देख कर अन्य आरोपी अंधेरे मे फरार हो गए। पकड़े गए आरोपी को धारा ३५३, १८६, ३२३, ३३६ - ३४ आईपीसी दर्ज किया गया। वीरेंद्र कुमार उपनिरीक्षक के पद पर स्पेशल प्रोटेकसन ग्रुप, सेटलमेंट पोस्ट बिलासपुर एवं निरीक्षक के पद पर कोरबा पोस्ट मे अपनी सेवा दे चुके है, वर्तमान मे वे पूर्वोत्तर रेल्वे मे तैनात है।

# Ministry of Railways holds discussions with the top leaders of Cement industry

Source:PIB. Indian Railways is on a Mission mode to expand the footprint of its freight business in a no uncertain way. As an important step towards further increasing the share of cement in its freight operations, Minister of Railways and Commerce & Industry today met the top leaders of Cement Industry . From Cement Sector side, representatives of Cement Manufacturers Association, CEOs, MDs and officials from several Cement companies viz; Dalmia Cement (Bharat) Ltd., Ambuja Cement Ltd., Shree Cement Ltd., Ultra Tech Cement Ltd. JK Cement Ltd., JK Lakshmi Cement Ltd., JSW Cement Ltd. Prism Johnson Ltd., Mangalam Cement Ltd. Heidelberg Cement Ltd and My Home Industries Pvt. Ltd. participated. It may be noted that Cement is important commodity after Coal and Iron Ore which is the engine of growth of all sectors. Cement and clinker loading contributes around 9.3% to IR's total commodity basket per annum. It yields around 9% revenue. As the Rail coefficient is hovering around 21%, Railway carried around 70 MT in 2019-20 and 28.18 MT during current FY (Apr-Sept). Clinker which is moved by Cement companies to grinding units was loaded to the extent of 40 MT in 2019-20. During the meeting , industry leaders were informed that All operational restrictions have now been removed for cement loading by industry. Railways have implemented several measures such as removal of Penalty at originating point after weighment, for en-route weighment punitive charge only from originating to En-route weighment point and not for the entire distance from Originating-Destination, Withdrawal of busy season surcharge etc. Sustained and Timely Availability of Rakes has been ensured by good mobility and improved turnaround of Jumbo rakes. All operating restrictions have been removed thereby ensuring a stable environment without need to resort to panic loading to congested destinations. These measures have increased the demand and Rail share has gone up by 2% compare to last year 2019-20. Cement sector associates have requested for availability of sufficient rakes (mini rakes, two points rakes etc.), good infrastructure in railway sidings, proper connectivity, proper timetable to save time, making availability of land for development of private infrastructure near Cement plants, etc.

It was also demanded to increase facility for export of Cement and Clinkers to neighbouring countries like Bangladesh, Sri Lanka etc. Minister of Railway considered all the above demands raised by Cement Associates and emphasized on efficiency and transparency on transport of Cement through Railway. Trace and track policy is already working in which online facility is of loaded item can be checked. Cement Sector Associates thanked Minister of Railways for addressing their demands promptly.

# कोरोना से बचाव को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में ली गई शपथ




रे.स.ब्यूरो./सूत्र. बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय सहित तीनों रेल मंडलो में लगभग १५ हजार से भी अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दिनांक ०८.१०. २०२० को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कोरोना को लेकर शुरू किए गये राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन के तहत कोरोना से बचाव को लेकर शपथ लिया। कोरोना से बचाव को लेकर आयोजित वर्चुअल शपथ समारोह में पीयूष गोयल रेलमंत्री, वी.के. यादव, चेयरमैन द्वारा सभी रेलवे जोन के महाप्रबंधकों एवं प्रोडक्शन यूनिटों के अधिकारियों के साथ कोरोना वायरस के संक्रमण एवं प्रभाव को रोकने हेतु शपथ ली। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक गौतम बनर्जी सहित अन्य अधिकारीगणों ने वर्चुअल शपथ ली। इसके साथ ही महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे गौतम बनर्जी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारिया/कर्मचारियो को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु वर्चुअल शपथ दिलाई।

# महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने की महत्वपूर्ण कार्यों कि समीक्षा

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर मध्य रेलवे कें महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों और तीनों मंडल रेल प्रबंधकों के साथ दिनांक १३.१०. २०२० को संरक्षा, आधारभूत संरचना के विकास कार्यो और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की स्थिति की समीक्षा की।



संरक्षा की समीक्षा के दौरान महाप्रबंधक ने बल देते हुये कहा कि उच्च गुणवत्ता सामग्री और उचित कार्यप्रणाली रेलवे के सुरक्षित और बेहतर रखरखाव के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बल देते हुये कहा कि सभी उपयोगकर्ता विभागों को यह सुनिश्चित करना होगा कि रेलवे परिसंपत्तियों के रखरखाव और संचालन में केवल उच्च गुणवत्ता सामग्री का उपयोग किया जाए। रोलिंग स्टॉक ऑपरेशन में संरक्षा बढ़ाने हेतु, प्रयागराज मण्डल ने चुनार- डगमगपुर के बीच अप लाइन में नया व्हील इम्पैक्ट लोड डिटेक्टर स्थापित किया है,जो डिब्बों, वैगनों और लोकोमोटिवों में फ्लैट व्हील और अन्य कमियो का जो उच्च लोड इम्पैक्ट पैदा करते है का स्वतः पता लगाने में मदद करेगा और बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के नियंत्रण और रखरखाव कर्मियों को अलर्ट भेजेगा। इसी कड़ी मे सुरक्षा कर्मियों द्वारा स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था और ट्रेनों की एस्कॉर्टिंग व्यवस्था की भी समीक्षा की गई।

महाप्रबंधक ने जोर देकर कहा कि आगामी त्योहारों के मद्देनजर स्टेशनों और ट्रेनों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए और स्टेशनों और ट्रेनों में सुरक्षा के आवश्यक संसाधनों को बढ़ाने के लिए मण्डलों को भी निर्देशित किया।

# महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने दिलाई रेलवे के कर्मचारियों को "जन आदोलन" की शपथ

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। महाप्रबंधक उत्तर मध्य एवं उत्तर रेलवे राजीव चौधरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिनांक ८ अक्टूबर २०२० को "जन आदोलन" की प्रतिज्ञा दिलाई। बतादें कि कोविड -१९ पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने ८ अक्टूबर २०२० को एक ट्वीट के माध्यम से "जन आंदोलन" की शुरुआत की थी। जन आंदोलन एक कम लागत एवं उच्च तीव्रता वाला जागरूकता अभियान है, जिसमें सम्पूर्ण राष्ट्र के आमजन की भागीदारी से इसमें सभी मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हुये जानकारी प्रसारित की जा रही है। इस अभियान में सावधानियों के साथ अनलॉक यानी कोविड -१९ के अनुरूप उचित व्यवहार पर बल दिया जा रहा है। इसके साथ ही रेलवे कर्मचारियों और अन्य व्यक्तियों द्वारा जन आन्दोलन की शपथ ली गई और जन-जागरुकता संदेश को



दूर-दूर तक फैलाने और जमीनी स्तर तक इस अभियान के कार्यान्वयन के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाई गई है इसके अलावा, डिजिटल संपर्क रहित हस्ताक्षर अभियान और कोविड -१९ के अनुरूप उचित व्यवहार प्रतिज्ञा कार्नर जैसे प्रावधान के अभिनव प्रयास प्रयागराज जंक्शन पर किए जाएंगे। यात्रियों और अन्य उपयोग-कर्ताओं से प्राप्त प्रतिक्रिया के आधार पर उत्तर मध्य रेलवे के अन्य प्रमुख स्टेशनों पर भी इनको लगाया जाएगा।

# २३ अक्टूबर से चलेगी मुम्बई के लिए स्पेशल ट्रेन

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। त्योहार के मद्देनजर २३ अक्टूबर से ३० नवंबर के बीच कानपुर सेंट्रल से मुम्बई के लिए स्पेशल ट्रेन चलेगी। एनसीआर के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि २१ कोच की इस ट्रेन में स्लीपर के आठ, सामान्य श्रेणी के पांच, एसी थ्री के पांच और एसी टू का एक कोच होगा। यह ट्रेन नंबर ०४१५१ कानपुर सेंट्रल से २३ अक्टूबर से ३० नवंबर के बीच हर सोमवार और शुक्रवार शाम ४:३० बजे चलेगी। शाम सात बजे प्रयागराज जंक्शन पहुंचेगी। यहां १० मिनट के ठहराव के बाद ट्रेन छूटेगी। अगले दिन शाम ३:३० बजे लोकमान्य तिलक पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर ०४१५२ लोकमान्य तिलक से २४ अक्टूबर से एक दिसंबर के बीच हर मंगलवार और शनिवार को शाम ४:५५ बजे चलेगी।

सम्पादकीय

# आखिर कब रुकेगी मनमानी

सुप्रीम कोर्ट का निर्देश जिसमें एंबुलेंस सेवा की दरें तय संबंध में की गई हैं, जितनी सराहना की जाए, कम होगी। जिस तरह कोरोना मरीजों को अस्पताल पहुंचाते हुए लूटा जा रहा है, उस पर सुप्रीम कोर्ट निर्देश स्वागतयोग्य भी है। अदालत ने कहा है कि राज्य सरकारें उचित शुल्क तय करें। अनेक भुक्तभोगी हैं, जिनकी आवाज कहीं कोई नहीं सुन रहा था। अब लोगों को इस फैसले से राहत जरूर मिली होगी। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र के पक्ष को मजबूत करते हुए कहा है कि राज्य महामारी से निपटने के लिए केंद्र की ओर से जारी की गई 'एडवाइजरी' से बंधे हुए हैं और सभी राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोविड रोगियों को अस्पताल पहुचाने के लिए हर जिले में पर्याप्त संख्या में एंबुलेंस उपलब्ध हों। इसके साथ ही उनकी सेवा दरों को भी निर्धारित किया जाए। कोरोना के समय में केंद्र सरकार की ओर से अनेक दिशा-निर्देश जारी हुए हैं, लेकिन उनकी अवहेलना हम साफ देख रहे हैं। कुछ राज्यों ने अच्छा प्रदर्शन किया है तो कुछ की कलई खुल गई है। अब बात यह है कि क्या राज्य सरकारें एंबुलेंस सेवा की दरें खुद ही तय नहीं कर सकती थीं, इस काम के लिए सुप्रीम कोर्ट से निर्देश लेने की क्या जरूरत थी, फटकार सुनकर दरें तय कर देना और लोगों को दिखा देना ही पर्याप्त नहीं है। राज्य और जिला प्रशासन को इन दरों को कड़ाई से लागू कराना भी जरूरी है।

वाकई, राज्य सरकारों ने भी अपने स्तर पर जिला प्रशासन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए होंगे, लेकिन उसमें भी शुल्क निर्धारण की बात नहीं होगी। कोरोना काल में हमें चिकित्सा क्षेत्र में कमाई की तमाम गुंजाइशों को खत्म कर देना ही चाहिए।

# व्यापार और अर्थव्यवस्था भारत -यूरोपीय संघ की साझेदारी के महत्वपूर्ण स्तंभ: पीयूष गोयल



प.सू.का/नई दिल्ली। केंद्रीय रेलवे और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि व्यापार और अर्थव्यवस्था भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) साझेदारी के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक है। यूरोपीय संघ-भारत सहयोगात्मक आर्थिक विकास पर राजनयिक और उद्योग नेतृत्व सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम एफटीए की दिशा में यूरोपीय संघ के साथ काम करने की भी उम्मीद कर रहे हैं, संभवतः तेजी से परिणाम प्राप्त करने के लिए जल्दी फायदा उठाने की दिशा में तरजीही व्यापार समझौते के साथ शुरूआत की जा सकती है। पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने यूरोपीय संघ में अपने संबंधों को आगे बढ़ाते हुए मजबूत बनाया है। वस्तु और माल क्षेत्र में उन्होने कहा कि सितंबर २०२० में, हमने पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में ५.२७ प्रतिशत की वृद्धि की है। सितंबर माह में और अक्टूबर के पहले ६ दिनों में, रेलवे माल भाड़े में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में १५ फीसद की वृद्धि हुई है।

# माल लदान बढ़ाने को उत्तर मध्य रेलवे मे बैठक का आयोजन

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। व्यवसायिक गतिविधियां खुलने के साथ साथ ही उत्तर मध्य रेलवे में माल लदान की स्थिति में निरंतर सुधार हो रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि की तुलना में वर्तमान वित्तीय वर्ष के पिछले ०४ महीनों जून से सितम्बर-२०२० तक लगातार सकारात्मक लोडिंग दर्ज की गयी है। माल लदान की मात्र बढ़ाने के लिए, उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में पीओएल, सीमेंट और बलास्ट के प्रमुख माल लोडरों के साथ दिनांक ०७.१०.२०२० को एक बैठक का आयोजन किया गया। प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे रवि वल्लूरी और प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे एम. एन. ओझा की अध्यक्षता में आयोजित की गई इस वर्चुअल बैठक में IOCL मथुरा के प्रति- निधि , HPCL रसूलपुर गोगामऊ, डायमंड सीमेंट परीछा, एल एंड टी सीमेंट चुनार, प्रमुख बलास्ट लोडर आदि ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया, इसके अतिरिक्त तीनो मण्डलों के वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक एवं वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक उपस्थित थे। बैठक में वित्त वर्ष २०२०-२१ के शेष ०६ महीनों में इन उत्पादों की लोडिंग बढ़ाने की रणनीति पर चर्चा की गई और माल ग्राहकों को आश्वासन दिया गया कि रेलवे की ओर से हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

# फूलबागान मेट्रो स्टेशन दुर्गा पूजा का उपहार-पीयूष गोयल




प.सू.का/नई दिल्ली। पूर्व-पश्चिम मेट्रो के फूलबागान मेट्रो स्टेशन का केन्द्रीय रेल, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने दिनांक ०४ अक्टूबर, २०२० को उद्घाटन किया। गोयल ने वीडियो लिंक के जरिए फूल बागान के नए स्टेशन से पहली ट्रेन को रवाना किया। कोविड-१९ महामारी के बीच फूलबागान स्टेशन का कार्य पूरा करने के लिए की गई अतिरिक्त पहल के लिए सभी को बधाई देते हुए पीयूष गोयल ने कहा कि सॉल्ट लेक स्टेडियम से लेकर फूलबागान तक मेट्रो के विस्तार से रोज आने-जाने वाले लोगों को इसके सियालदह स्टेशन के नदजीक होने के कारण काफी मदद मिलेगी। इसे दुर्गा पूजा का उपहार बताते हुए उन्होंने कहा कि कोलकाता में मेट्रो सबसे सुरक्षित, सबसे स्वच्छ और परिवहन की सबसे तेज व्यवस्था है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री बाबुल सुप्रियो ने रेलवे और वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री को इस आधुनिक और खूबसूरत फूलबागान मेट्रो स्टेशन को इतनी जल्दी तैयार करने के लिए की गई पहल के लिए बधाई दी। इस कार्यक्रम में महिला और बाल विकास राज्य मंत्री सुश्री देबाश्री चौधरी भी उपस्थित थीं। उन्होंने फूलबागान स्टेशन के चालू होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक मनोज जोशी ने बताया कि इस स्टेशन के खुलने से मेट्रो यात्रियों को सॉल्ट लेक सेक्टर-५ में आईटी केन्द्र, अंतर्राष्ट्रीय बस टर्मिनल और करुणामयी में मेला ग्राउंड, सेंट्रल पार्क में महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालयों तथा प्रसिद्ध विवेकानंद युवा भारती क्रीरंगन पहुंचने में सुविधा होगी।

## अपील

रेल समाचार ब्यूरो सभी देश वासियों से अपील करता है कि, ऑनलॉक के दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन करें,उचित दूरी बनाए रखें और अति आवश्यक कार्य हेतु ही बाहर निकलें।
- प्रधान संपादक

# विभिन्न आयोजनों में शामिल हो सकेंगे अब २०० लोग

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। जिला प्रशासन ने अनलॉक-५ की गाइड लाइन रविवार दिनांक ०४.१०.२०२० को जारी कर दी। गाइड लाइन में जिला प्रशासन की ओर से भी केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा दी गई तमाम छूट दी गई है। अब सभी तरह के सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक आदि आयोजन के लिए हॉल के अंदर क्षमता के ५० फीसदी या अधिकतम २०० लोग शामिल हो सकते हैं। यह नियम १५ अक्तूबर के बाद ही लागू होगा। शादी-विवाह समारोह से जुड़े लोगों को जिलाधिकारी भानु चंद गोस्वामी की ओर से जारी की गई गाइड लाइन लागू होने के खासी राहत मिलेगी।

# झाँसी मंडल द्वारा माल लदान में किया गया उत्कृष्ट प्रदर्शन

रे.स.ब्यूरो./सूत्र. झाँसी। उत्तर मध्य रेलवे के झाँसी मंडल ने कोविड-१९ के दौरान विषम परिस्थितियों के बावजूद मंडल रेल प्रबंधक संदीप माथुर के मार्गदर्शन में विशेष तौर पर माह सितम्बर २०२० में मंडल द्वारा १०५१९ वैगन पर लगभग ०६ लाख टन माल लदान करते हुए ६१.४७ करोड़ रूपए का राजस्व अर्जन किया गया। यह प्रदर्शन पिछले वित्तीय वर्ष २०१९-२० के माह सितम्बर में लदान किये गए ९४८० वैगनों से ११ प्रतिशत, ५. ३१ लाख टन माल लदान से १२ प्रतिशत तथा पिछले वर्ष अर्जित ५१.६६ करोड़ राजस्व से १६ प्रतिशत अधिक रहा। मंडल ने माल लदान एवं राजस्व अर्जन के लक्ष्यों को पीछे छोड़ कर नये कीर्तिमान स्थापित किये। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक नवीन दीक्षित के नेतृत्व में वर्तमान ग्राहकों द्वारा प्रेरित होकर अधिक माल लदान किया गया। झाँसी मंडल का माल लदान में लक्ष्यों को पार करना इस परिक्षेत्र की अर्थव्यवस्था के लिये अच्छा संकेत है एवं यह दिखाता है कि अत्यधिक प्रतिस्पिर्धा वाले इस सेगमेंट में झाँसी मंडल प्रगति पर निरन्तर अग्रसर है।

## ग्वालियर-बरौनी के मध्य चलेगी त्योहार स्पेशल ट्रेन

रे.स.ब्यू./सूत्र.झांसी। आगामी त्योहार के मद्देनजर तथा यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी सं ०४१८५/०४१८६ ग्वालियर-बरौनी त्योहार स्पेशल ट्रेन का संचालन दिनांक २३.१०. २०२० से किया जा रहा है। गाड़ी सं ०४१८५ का संचालन ग्वालियर से बरौनी के मध्य दिनांक : २३. १०.२० से ३०.११.२० तक प्रतिदिन कुल ३६ फेरे हेतु किया जा रहा है। इसी प्रकार गाडी सं ०४१८६ बरौनी-ग्वालियर का संचालन दिनांकः २४.१०.२० से ०१.१२.२० तक प्रत्येक शुक्रवार कुल ३६ फेरे हेतु किया जा रहा है। इस गाडी सं ०४१८५/०४१८६ के ठहराव व समय-सारणी ११९२४/११९२३ के सामान होंगे तथा ठहराव ग्वालियर, डबरा, दतिया, झाँसी, उरई, कालपी, पुखरायां, कानपुर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, बुढ़वाल, कोलोनलगंज, गोंडा, मनकापुर, मस्कंवा, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, भटनी, बनकटा, मैरवा, सीवान, दरौंधा, छपरा, दिघवारा, सोनपुर, हाजीपुर, भगवानपुरा मुजफ्फरपुर, ढोली, खुदीराम समस्तीपुर, डालसिंह सराय तथा बरौनी तथा वापसी में इसका ठहराव बरौनी, डालसिंह सराय समस्तीपुर, खुदीराम, ढोली मुजफ्फरपुर, भगवानपुरा, हाजीपुर, सोनपुर, दिघवारा, छपरा, सीवान, मैरवा, भटनी, देवरिया सदर, गोरखपुर, सहजनवा, खलीलाबाद, बस्ती, भाह्बना, मस्कंवा, मनकापुर, गोंडा, कोलोनलगंज, बुढ़वाल, बाराबंकी, लखनऊ, उन्नाव, कानपुर, पुखरायां, कालपी, उरई, झाँसी, दतिया, डाबरा तथा ग्वालियर होगा।

***किसी भी प्रकार का ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर रेल यात्रा ना करें।***

## दुर्गा पंडालों में एक साथ १० लोगों को मिलेगा प्रवेश

प्रयागराज। इस बार शारदीय नवरात्र १७ अक्तूबर से आरंभ होगा। शासन की ओर से दुर्गा पूजा, रामलीला के अलावा छठ पूजा के लिए गाइड लाइन जारी किए जाने के बाद पूजा समितियां नवरात्र महोत्सव की तैयारी में जुट गई हैं। वहीं अब १० श्रद्धालुओं को पंडालों में प्रवेश दिया जाएगा। बंगाली वेलफेयर एसोसिएशन ने इसके लिए गाइड लाइन बनाई है। शारदीय नवरात्र में दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। एसोसिएशन के सचिव डॉ.पीके रॉय के मुताबिक पूजा पंडाल १५ फीट के ही बनाए जाएंगे। इसके अलावा महिला व पुरु"। श्रद्धालुओं के लिए भी इसी आकार के दो अलग-अलग पंडाल बनाए जाएंगे। मां दुर्गा के द'र्नि के लिए लोग पंडालों में बने गोले के बीच ही निर्धारित दूरी पर खड़े होंगे। उधर, कर्नलगंज में दुर्गा प्रतिमाओं को सजाने-संवारने का काम तेज कर दिया गया है।

## FACEMASKS DISTRIBUTED BY SCOUTS AND GUIDES



Source PR Deptt.SR: Volunteers of Southern Railway State Bharath Scouts and Guides have been doing yeoman service all over the zone over the years. Their services have been exceptional especially during the lockdown as they were actively involved in the manufacture and distribution of masks in various Rly. Colonies as well as volunteering for various works like Thermal Screening of Passengers during running of Shramik Specials, volunteering for distribution of free food to the needy during April and May 2020, etc. In a programme organized by the Southern Railway State Bharath Scouts and Guides, on 14th October, 2020, B.G.Mallya, Additional General Manager, Southern Railway and President, Southern Railway State Bharath Scouts and Guides (SRSBSG), appreciated the good work down by the Railway Scouts and Guides volunteers especially during the Covid Lockdown. He later handed over 1000 handmade masks made by volunteers of Scouts and Guides in the presence of P.Uday Kumar Reddy, Chief Planning Engineer/ICF and State Chief Commissioner, SRSBSG, T.Hema Suneetha, FA&CAO/Con. and State Commissioner/Guides, SRSBSG, and Smt G.Gayatri, Secretary to GM/SRly and Asst.State Commissioner/Guides, SRSBG. Shri M.Prakash, SPO, Construction, and S tate Secretary, SRSBG, and State Organising Secretary, SRSBG, along with volunteers distributed the masks to the Office Staff in Headquarters, Railway Health Dept and Canteen duly observing all safety protocols such as social distancing and cleanliness.

## भागलपुर -जम्मूतवी, गोरखपुर-शालीमार के बीच फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का परिचालन

रे.स.ब्यू./सूत्र.आगामी पूजा के दौरान यात्रियों की भीड़ का देखते हुए २० अक्टूबर, २०२० से कई फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। इसी कड़ी में भागलपुर और जम्मूतवी तथा गोरखपुर और शालीमार के बीच फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा। गाड़ी संख्या ०५०६७ भागलपुर-जम्मूतवी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का परिचालन दिनांक २६.१०.२०२० से २६.११. २०२० तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को किया जाएगा। इसी तरह ०५०६८ जम्मूतवी-भागलपुर फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन दिनांक ०३. ११.२०२० से २४.११.२०२० तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को चलेगी।

इस स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के ०२, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के ०५, शयनयान श्रेणी के ०६ तथा साधारण श्रेणी के ०३ कोच एवं एसएलआर के ०२ कोच होंगे। गाड़ी संख्या ०५०२२ गोरखपुर -शालीमार फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का परिचालन दिनांक २६.१०.२०२० से ३०.११.२०२० तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को किया जाएगा। इसी तरह ०५०२१ शालीमार -गोरखपुर फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन दिनांक २७.१०.२०२० से ०१.१२. २०२० तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को चलेगी। इस स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी एवं वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के ०१-०१, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के ०३, शयनयान श्रेणी के ०८ तथा साधारण श्रेणी के ०७ कोच एवं एसएलआर के ०२ कोच होंगे।

## त्योहार को देखते हुए रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों के लिए जारी किए दिशानिर्देश

प.सू.का/नई दिल्ली। त्यौहारी सीजन नजदीक होने के मद्देनजर रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों के लिए कुछ दिशानिर्देश जारी किए हैं। आम जनता को रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों या रेलवे के अन्य क्षेत्रों में रहते समय चूक से बचने का परामर्श दिया गया है,जिसमें मास्क नहीं पहनना। उचित दूरी का पालन नहीं करना। कोविड पॉजिटिव घोषित किए जाने के बावजूद रेलवे स्टेशन या ऐसे ही अन्य क्षेत्र में प्रवेश करना और ट्रेन में चढ़ना। कोरोना वायरस की जांच कराए जाने के बाद रिपोर्ट आने से पहले ही रेलवे स्टेशन या एसेही क्षेत्र में प्रवेश करना या ट्रेन पर चढ़ना। स्वास्थ्य जांच टीम द्वारा यात्रा की इजाजत नहीं देने के बावजूद ट्रेन में सवार होना। सार्वजनिक स्थल पर थूकना। ऐसी गतिविधियाँ जो रेलवे स्टेशनों और रेलगाड़ियों में गंदगी फैलाती हों। कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा जारी किसी भी दिशा-निर्देश का पालन नहीं करना। ऐसी कोई भी गतिविधि या चूक जिसके कारण कोरोना वायरस को फैलने में मदद मिलने की आशंका हो। रेलवे अधिनियम १९८९ की धारा १४५, १५३ और १५४ के तहत कारावास या जुर्माना की सजा का प्रावधान किया गया है।

## हटिया-कुर्ला के बीच २३ अक्टूबर से चलेगी साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन

रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर। रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर जाने वाली ०२८१२ /०२८११ हटिया – कुर्ला – हटिया साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन की सुविधा २३ अक्टूबर से २६ नवम्बर, २०२० तक इस गाड़ी का परिचालन होगा। यह गाड़ी ०२८१२ हटिया कुर्ला साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार को हटिया से २३ अक्टूबर से २७ नवम्बर, २०२० तक चलेगी।

इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी ०२८११ कुर्ला –हटिया साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक रविवार को कुर्ला से २५ अक्टूबर से २६ नवम्बर, २०२० तक चलेगी। ०२८१२ हटिया –कुर्ला साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार को चलेगी। यह स्पेशल ट्रेन हटिया से ०६.४० बजे रवाना होकर झारसुगुड़ा १४.०३ बजे पहुंचकर १४.०५ बजे रवाना होकर दूसरे दिन नागपुर ००.१० बजे पहुंचकर ००.२० बजे रवाना होकर कुर्ला १३.३५ बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी ०२८११ कुर्ला हटिया साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक रविवार को चलेगी। यह स्पेशल ट्रेन कुर्ला से ००.१५ बजे रवाना होकर, नागपुर १३. ४० बजे पहुंचकर १३.५० बजे रवाना होकर झारसुगुड़ा २३.४० बजे पहुंचकर २३.४२ बजे रवाना होकर दूसरे दिन हटिया ०४.०० बजे पहुंचेगी।

इस गाड़ी में ०४ एसी थ्री, ०१ एसी टू टायर, १५ स्लीपर एवं ०२ एसएलआर सहित कुल २२ कोच रहेंगे। इस गाड़ी में कनफर्म टिकट यात्रियो को ही यात्र करने की अनुमति दी जायेगी। इन गाड़ी का ठहराव एवं समय सारणी पूर्व में चल रही १२८१२ हटिया कुर्ला साप्ताहिक एक्सप्रेस के ठहराव एवं समय सारणी के अनुसार दिया जाएगा एवं १२८११ कुर्ला हटिया साप्ताहिक एक्सप्रेस का ईगतपुरी स्टेशन को छोडकर सभी स्टेशनो में ठहराव दिया जा रहा है।

# मंडल रेल प्रबंधक झाँसी ने किया रेल खंड का निरीक्षण



रे.स.ब्यू./सूत्र.झांसी। झाँसी-आगासोद खंड का मंडल रेल प्रबंधक संदीप माथुर द्वारा दिनाँक १६.१०.२० को निरीक्षण किया गया। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने स्टाफ से मुलाकात की। मंडल रेल प्रबंधक ने रेल कर्मियों को काउंसल करते हुए स्टाफ को सामाजिक दूरी का पालन तथा मास्क अथवा फेस कवर लगाये रखने समय-समय पर हाथ धोने अथवा सैनीटाईज करने पर विशेष जोर दिया जिससे कोविड के संक्रमण से हर संभव बचा जा सके। उन्होंने अपने दौरे में आगासोद स्टेशन, धौर्रा स्टेशन, ललितपुर स्टेशन, उदयपुरा साइडिंग, तीसरी लाइन से सम्बंधित कंस्ट्रक्शन कार्य का निरीक्षण व प्रगति की परख आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबन्धक के साथ वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक नवीन दीक्षित, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक शशिकांत त्रिपाठी, वरिष्ठ मंडल अभियंता (मध्य) भुवनेश सिंह, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजिनीयर निर्मोद कुमार आदि अधिकारीगण और पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# प्रमोद तिवारी बने बिहार चुनाव में कांग्रेस के स्टार प्रचारक

प्रयागराज। बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी को भी स्टार प्रचारकों की सूची शामिल किया गया है। जिस पर उत्साहित कांग्रेसियो ने सिविल लाइन्स स्थित उनके आवास पर फूल माला पहनाकर नारेबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया। जिसका परिणाम बिहार विधानसभा चुनाव में साफ देखने को मिलेगा। प्रमोद तिवारी ने इस मौके पर कार्यकर्ताओं से कहा कि दो तिहाई बहुमत के साथ आरजेडी और कांग्रेस की सरकार बनेगी उन्होने कहा की बिहार में नीतीश सरकार की विदाई गाजे बाजे के साथ तय है।यमुनापार जिलाध्यक्ष अरुण तिवारी, गंगापार जिलाध्यक्ष रामकिशुन पटेल, शहर अध्यक्ष नफीस अनवर, मकसूद खान, सुधाकर तिवारी, तलत अजीम, मुकुन्द तिवारी, आदि लोग मौजूद रहे।

# अब भी जरूरी है संयम सहयोग और सकारात्मकता

कॅरोना महामारी ने जिस तरह से विश्व में अपना पॉव पसारा और मानव जाति को भयाकांत किया उससे अब धीरे धीरे कुछ राहत तो इंसान अवश्य महसूस कर रहा है पर डर या खतरा अभी खत्म नहीं हुआ है। पर जहॉ एक तरफ कुछ लोग अभी भी पूरी तरह से सोशल डिस्टेन्सिग, मास्क और,सेनेटाइजर का प्रयोग करके अपने साथ साथ दूसरों की सुरक्षा का ख्याल रख रहे हैं वहीं दूसरी तरफ कुछ लोग इन सारे सुरक्षा कवचों को किनारे कर बिना मास्क ओर बिना सोशल डिस्टेंसिंग के घूम रहे है ओर स्वयं के साथ साथ दूसरों के लिए भी परे"ानी का सबब बन रहे हैं जो कि बहुत गलत है।

जनसामान्य बहुत व्याकुलता के साथ वैक्सिन तैयार होने का इंतजार कर रहा है ,पर अभी इसमें लगने वाले समय को ध्यान में रखते हुए हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम धैर्य और सकारात्मकता के साथ तमाम सुरक्षा उपाय अपनाते हुए स्वयं भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षा प्रदान करें। बुजुर्ग काफी परेशान और व्यथित हैं अतः हम सबकी यह जिम्मेदारी बनती है कि अपने आसपास अकेले रहने वाले बुजुर्गो को भावनात्मक सुरक्षा देने के साथ साथ यथासम्भव उनकी मदद करते रहें।

हम परोक्ष या अपरोक्ष रूप से किस तरह उनकी मदद करके उनके व्यवसाय को सुचारू ढंग से चला सकने में मदद कर सकते हैं हमें इस तरफ अवश्य ध्यान देना चाहिए। करोना आया है तो जायेगा भी। पर इस बीच एहतियातों का पालन करते हुए इससे बचे रहना बहुत आवश्यक है इसके साथ ही सकारात्मक बातें करके दूसरों का हौसला बनाये रखना भी हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

**श्रीमती शन्नो श्रीवास्तव**
८०६,बी-१२ए
आर पी एस सवाना, ग्रेटर फरीदाबाद, हरियाणा

# यशवंतपुर एवं कोरबा के बीच चलेगी साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन

रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर। रेल यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर जाने वाली ०२२५१ / ०२२५२ यशवंतपुर–कोरबा–यशवंतपुर साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन की सुविधा २३ अक्टूबर से २७ नवम्बर, २०२० तक इस गाड़ी का परिचालन होगा।

यह गाड़ी ०२२५१ यशवंतपुर–कोरबा साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार को यशवंतपुर से २३ अक्टूबर से २७ नवम्बर, २०२० तक चलेगी । इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी ०२२५२ कोरबा–यशवंतपुर साप्ताहिक पूजा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक रविवार को कोरबा से २५ अक्टूबर से २६ नवम्बर, २०२० तक चलेगी । इस गाड़ी का ठहराव एवं समय सारणी पूर्व में चल रही १२२५१/१२२५२ यशवंतपुर–कोरबा–यशवंतपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस का नागभीड़, मूल-मरोडा, वडसा एवं सौंदड़ रेल्वे स्टेशन को छोडकर सभी स्टेशनो में ठहराव दिया जा रहा है।

# कक्षा ६ व ११ में ३१ अक्टूबर तक होगा दाखिला

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोरोना के कारण बड़ी संख्या में पंजीकरण में कमी और प्रधानाचार्यो के अनुरोध के मद्देनजर अब यूपी बोर्ड के २८ हजार से अधिक स्कूलों में कक्षा ६ व ११ में प्रवेश ३१ अक्तूबर को होगा। सचिव दिव्यकांत शुक्ल की ओर से शुक्रवार दिनांक १६.१०.२०२० को जारी आदेश के मुताबिक स्कूलों के प्रधानाचार्य बच्चों की फीस को शागार में जमा करते हुए १५ नवंबर की रात १२ बजे तक शुल्क की सूचना एवं छात्र-छात्राओं का विवरण बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर सकते हैं। बतादें कि शासन ने तीसरी बार अंतिम तिथि बढ़ाने का फैसला लिया है। ऑनलाइन अपलोड किए गए विवरण में जांच के बाद यदि कोई संशोधन है तो प्रधानाचार्य २० नवंबर तक अपडेट कर सकेंगे।

# कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए रेलवे स्टेशनों पर चला जागरूकता अभियान

प्रयागराज। लॉक डाउन के बाद यात्री सेवा को फिर से शुरू करने के बाद, भारतीय रेलवे द्वारा मांग के आधार पर यात्री ट्रेनों की संख्या और आवृत्ति में निरंतर वृद्धी की जा रही है। त्यौहारों के अवसर पर रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में कोरोना वायरस के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए प्रोटोकॉल को लागू करने में कठिनाई होगी। इसी क्रम में रेल प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक गहन प्रचार अभियान शुरू किया जा रहा है। और दिशानिर्देशों का पालन न करने पर दंडात्मक कार्रवाई के भी प्रावधान किये गये हैं। रेल यात्रियों की सुविधा हेतु उत्तर मध्य रेलवे परिक्षेत्र में पड़ने वाले स्टेशनों से २८८ मेल एक्सप्रेस स्पेशल एवं १३० त्योहार स्पेशल सहित कुल ४१८ गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। आम जनता को रेलवे स्टेशन, ट्रेनों या अन्य रेलवे परिसर में आने के दौरान इन बातों का अवश्यक रूप से ध्यान रखने का अनुरोध किया जाता है, जैस उचित तरीके मास्क पहने। आपस में कम से कम २ गज दूरी को बनाए रखे। कोविड पाजिटिव होने के बाद रेलवे क्षेत्र या स्टेशन पर न आयें तथा ट्रेन में सफर कदापि न करें। कोरोना वायरस के परीक्षण के लिए नमूने देने और परिणाम के प्रतीक्षारत होने के दौरान रेलवे क्षेत्र या स्टेशन पर आना या ट्रेन में सफर करना वर्जित है। रेलवे स्टेशन पर स्वास्थ्य जांच टीम द्वारा यात्रा न करने की सलाह के बाद ट्रेनों में सफर कदापि न करें। ऐसी गतिविधियाँ जो रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में अस्वच्छ या अस्वच्छता की स्थिति पैदा कर सकती हैं या सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्रभावित कर सकती हैं, ऐसी कार्यकलाप न करें। कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा जारी किसी भी दिशा-निर्देश का पालन करना अनिवार्य है।

सभी दिशानिर्देशों का पालन अनिवार्य है और जानबूझकर इसका पालन न करने वाले व्यक्ति को रेलवे अधिनियम १९८९ की धारा १४५, १५३ और १५४ के तहत कारावास और या जुर्माना के साथ दंडित किया जा सकता है।

## हमारे ग्राहक

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य-सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके उस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभीतक किसी को सफलता नहीं मिली।" महात्मा गांधी

# रेल मंत्रालय ने दी त्योहार स्पेशल ट्रेनों को चलाने की मंजूरी

रे.स.ब्यूरो./संवा। त्योहार विशेष ट्रेनों से संबंधित जोनल रेलवे के एक प्रस्ताव को रेल मंत्रालय ने मंजूर कर लिया है। इन ट्रेनों का संचालन २० अक्तूबर से ३० नवंबर तक होगा। इन ट्रेनों का किराया वही रहेगा जो स्पेशल ट्रेनों में चल रहा है। इस प्रस्ताव के अनुसार देश में १६६ जोड़ी त्योहार स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। कोरोना महामारी के दौरान ट्रेनों में जो नियम लागू हैं, वो इन ट्रेनों में भी लागू रहेंगे। रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक इनमें से कुछ ट्रेनों का संचालन दैनिक रूप से होगा तो कुछ ट्रेनें सप्ताह में निर्धारित दिन चलाई जाएंगी। त्योहारी मौसम के मद्देनजर रेल मंत्रालय ने कहा कि रेलवे को यात्रियों की भीड़ का अंदेशा है, जिसे देखते हुए यह फैसला किया गया है। बतादें कि अब तक रेलवे ने पूरे देश में ३०० से अधिक मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को सेवा में लगाया है। इस संबंध में मंगलवार दिनांक १३.१०.२०२० को जारी आदेश में रेलवे बोर्ड ने कहा कि ये त्योहार विशेष ट्रेनें ५५ किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलेंगी। बता दें कि कोरोना वायरस महामारी के कारण रेलवे मांग और जरूरत के हिसाब से ट्रेनों का संचालन कर रहा है।

# हजारों रेलकर्मी हुए नाइट ड्यूटी अलाउंस से बाहर

रे.स.ब्यूरो./संवा. नई दिल्ली। हजारों कर्मचारियों को कोरोना काल में रेलवे ने झटका दिया है। रात्रिकालीन ड्यूटी भत्ते पर रेल प्रशासन द्वारा नया फैसला लिया है। इस फैसले के तहत अब उन रेल कर्मियों को ही नाइट ड्यूटी अलाउंस मिलेगा, जिनका मूल वेतन ४३६०० रुपये या इससे कम है। उत्तर मध्य रेलवे समेत सभी जोनल रेलवे के हजारों कर्मचारी बोर्ड की यह व्यवस्था लागू होने से नाइट ड्यूटी अलाउंस से बाहर हो गए हैं। यही नहीं एक जुलाई २०१७ के बाद जिन रेल कर्मियों ने नाइट अलाउंस प्राप्त कर लिया है, उनसे रेल प्रशासन अब रिकवरी भी करेगा। सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के कार्यान्वयन को लेकर नाइट ड्यूटी अलाउंस को लेकर डीओपीटी की ओर से पिछले दिनों ही तय किया गया कि ऐसे रेलकर्मी जिनका मूल वेतन ४३६०० रुपये या इससे कम है, अब उन्हें ही इस भत्ते का लाभ मिलेगा। बता दें कि ऐसे कर्मचारियों की संख्या सिर्फ उत्तर मध्य रेलवे में ही १५ हजार से ज्यादा है। इन प्रत्येक रेलकर्मी से रेलवे तकरीबन दो लाख रुपये की रिकवरी करेगा।

# राजभाषा पखवाड़ा-२०२० के पुरस्कार वितरण का आयोजन सम्पन्न



रे.स.ब्यू./सूत्र.झांसी। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय झांसी में मंडल रेल प्रबंधक संदीप माथुर के द्वारा महाप्रबंधक पुरस्कार २०२० का वितरण किया गया। दिनांक १३-१०-२०२० को, क्षेत्रीय राजभाषा प्रतियोगिता/राजभाषा पखवाड़ा-२०२० में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरुस्कृत किया गया। जिनमें मंडल चिकित्सा अधिकारी डा.सिद्धार्थ केसरवानी, मनोज कुमार जैन, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर / ड्राइंग, राजीव मीना मुख्य कार्यालय अधीक्षक, श्याथम श्रीवास्तव वरिष्ठ तकनी/टेली., मो. शमीम मंसूरी मुख्या टंकक ने मंडल रेल प्रबंधक संदीप माथुर से पुरस्कार प्राप्ता किए। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक सहित अपर मंडल रेल प्रबंधक सह अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी दिनेश वर्मा, अपर मंडल रेल प्रबंधक अमित सेंगर भी उपस्थित रहे। पुरस्कार वितरण के उपरांत वरिष्ठ अनुवादक भगवान दास ने आभार व्यसक्त किया।

# इग्नू में अब २५ अक्तूबर तक करें ऑनलाइन नामांकन

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में ऑनलाइन नामांकन की अंतिम तिथि १५ अक्टूबर से बढ़ाकर २५ अक्टूबर कर दी गई है। यह जानकारी अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. एसपी सिंह ने दी। वहीं अब कोरोना महामारी के कारण इग्नू ने शिक्षण संस्थाओं के परीक्षा परिणामों में देरी को देखते हुए जुलाई २०२० सत्र में छात्रहित में प्रोविजनल प्रवेश देने का भी निर्णय लिया है।

# कोविड प्रबंधन के सम्बंध में उत्तर मध्य रेलवे में वेबिनार आयोजित

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के चिकित्सा विभाग द्वारा कोविड -१९ प्रबंधन पर एक वेब-आधारित सेमिनार आयोजित किया गया। महाप्रबंधक उत्तर मध्य और उत्तर रेलवे राजीव चौधरी और महानिदेशक रेलवे स्वास्थ्य सेवा, रेलवे बोर्ड डॉ. बी. पी नंदा की अध्यक्षता में दिनांक १५.१०.२०२० को इस वेब-आधारित संगोष्ठी में सभी रेलों के प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक, चिकित्सा निदेशक, डॉक्टरों और रेलवे बोर्ड और जोनल रेलवे के अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। इस वेबिनार में प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक उत्तर मध्य रेलवे डॉ. आनंद टंडन ने महानिदेशक रेलवे स्वास्थ्य सेवा, महाप्रबंधक उत्तर मध्य और उत्तर रेलवे और रेलवे बोर्ड और जोनल रेलवे के सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने कोविड -१९ प्रबंधन में उत्तर मध्य रेलवे द्वारा उठाए गए कदमों को साझा किया। लाकडाउन के दौरान टेलीमेडिसिन की सुविधा, मरीजों और रेलवे कर्मचारियों के बीच विश्वास बढ़ाने के उपाय आदि जैसे आव यक इंतजामों के बारे में बताया। इसी कड़ी में डॉ. विनीत अग्रवाल चिकित्सा निदेशक सेंट्रल हॉस्पिटल द्वारा उत्तर मध्य रेलवे के कोविड -१९ प्रबंधन के बारे में जागरूकता कार्यक्रमों, प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, समन्वय, सेवाओं और शिक्षाओं को विस्तार से बताते हुये प्रस्तुतिकरण किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए महानिदेशक आरएचएस डा. बी पी नंदा ने उत्तर मध्य रेलवे को कोविड -१९ के व्यापक प्रबंधन के लिए बधाई दी और वेबिनार के दौरान की गई जानकारीपूर्ण प्रस्तुतियों के लिए डॉक्टरों की टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय रेलवे द्वारा इस तरह के ज्ञानवर्धक सत्र इस महामारी में कुशल प्रबंधन में बहुत फायदेमंद हैं।

# उत्तर मध्य रेलवे ने BDU के प्रयासों से नये फ्रेट ट्रैफिक किए प्राप्त

प्रयागराज। व्यापार विकास इकाइयों के निरंतर प्रयासों के द्वारा, उत्तर मध्य रेलवे ने अक्टूबर २०२० में कई नई यातायात धाराओं को प्राप्त किया है। दिनांक १२.१०.२०२० को आगरा मंडल ने शोलाका स्टेशन से पीएससी स्लीपर के एक रेक लोडिंग के माध्यम से १२.३३ लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया है। वहीं झांसी मण्डल में भी BDU के प्रयासों में तेजी आई है और ऐशटेक (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड ने ललितपुर- खजुराहो खंड में स्थित उदयपुरा पावर प्लांट साइडिंग से देश के विभिन्न हिस्सों को फ्लाई ऐश भेजने के लिए उत्तर मध्य रेलवे से संपर्क किया है, जो न केवल रेलवे के लिए अतिरिक्त यातायात लाएगा भवन निर्माण में प्रयोग के माध्यम से पर्यावरण के अनुकूल भी होगा। इसी कड़ी में प्रयागराज डिवीजन नैनी गुड्स शेड से बांग्लादेश के लिए गेहूं और अन्य खाद्यान्नों को नियमित रूप से लोड करने पर भी कार्य कर रहा है और जल्द ही नियमित लोडिंग प्रारंभ की जाएगी

# १६ अक्टूबर से खुलेंगे कक्षा नौ से बारह तक के स्कूल

प्रयागराज। १६ अक्तूबर से सभी बोर्ड के नवीं से बारहवीं तक के स्कूल खुलेंगे, जिसके संदर्भ में डीएम भानु चंद्र गोस्वामी ने मंगलवार दिनांक १३.१०.२०२० को गाइड लाइन जारी कर दी। वहीं अब स्कूल आने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों से लिखित सहमति भी लेनी होगी। डीएम की ओर से जारी गाइड लाइन के अनुसार स्कूल दो पालियों में खोले जाएंगे। पहली पाली में नौवीं एवं दसवीं तथा दूसरी पाली में ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को बुलाया जाएगा। किसी भी कक्षा में एक दिन में ५० फीसदी से अधिक विद्यार्थी नहीं आएंगे।

शेष ५० प्रतिशत विद्यार्थियों को अगले दिन बुलाया जाएगा। डीएम ने विद्यार्थियों को कोविड संक्रमण से बचाव के प्रति जागरूक करने के भी निर्देश दिए हैं। स्कूल परिसर नियमित तौर पर सैनिटाइज किया जाए। यदि किसी विद्यार्थी को बुखार, खांसी आदि आ रही है तो प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया जाए।

**सभी जेड.आर.यू.सी.सी./डी.आर.यू.सी.सी. के सदस्यों को समाचार भेजने का अनुरोध**

उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारो/सुझाव के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

**प्रधान सम्पादक : ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव**
**9793956044, 9935224867**

# दिवाली से पहले लंबित देनदारियों का कराएं भुगतान -सीएम योगी



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली पर्व से पूर्व सभी सरकारी विभागों को बजट की उपलब्धता के आधार पर लम्बित देनदारियों का भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। इस बाबत उन्होंने वित्त विभाग को इस संबंध में जरूरी समन्वय करने के भी निर्देश दिए हैं। माना जा रहा है कि विभागों ने देनदारियों का भुगतान किया तो सरकार के खजाने की स्थिति मजबूत होगी। बजट की उपलब्धता पर्याप्त होने पर सरकार विकास योजनाओं को गति दे सकेगी। जिससे बाजार की गतिविधियां तेजी से आगे बढ़ेंगी। वहीं पावर कॉरपोरेशन भी बिजली खरीद का भुगतान करने के लिए सरकार से कर्ज लेता है। इस तरह की तमाम देनदारियां विभागों पर है। विभाग इन देनदारियों का बोझ कम करेंगे तो राज्य की आर्थिक गतिविधियां तेजी से चलाने में सरकार को सहुलियतें हो जाएंगी।

# ६०% से अधिक हुआ कोविड-१९ का रिकवरी रेटः योगी

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। कोविड.१९ के मामलों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश का रिकवरी रेट ६० प्रतिशत से अधिक हो गया है। साथ ही उन्होंने कोविड.१९ से बचाव और उपचार के प्रबन्धों को प्रभावी ढंग से लागू रखने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार दिनांक १४.१०.२०२० को अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग, मुख्य सचिव आरके तिवारी व वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने किया कोविड सेंटर का निरीक्षण



साभारः सूचना विभाग प्रयागराज। कालिंदीपुरम में बनाये गये कोविड सेंटर का जिलाधिकारी प्रयागराज भानु चन्द्र गोस्वामी ने निरीक्षण किया। दिनांक ०३.१०.२०२० शनिवार को निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां पर साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के बारे में मरीजों से जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक मरीजों से खाने-पीने तथा दवाओं आदि की जानकारी ली, जिस पर वहां के मरीजों ने संतोष जाहिर करते हुए व्यवस्थाओं की तारीफ की। जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती कोविड मरीजों के खान-पान सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समुचित व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने भर्ती कोविड मरीजों के अद्यतन स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए वार्ड प्रभारियों से भी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली।

# २७ अक्टूबर से शुरू होगी रेलवे अस्पताल की ओपीडी

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। उत्तर रेलवे मंडल चिकित्सालय की ओपीडी २७ अक्टूबर से शुरू होगी। बता दें कि कोविड अस्पताल बनने के बाद बीते १६ जुलाई से यहां ओपीडी बंद कर दी गई थी। मंडलीय चिकित्सालय होने की वजह से यह लखनऊ मंडल के रेल कर्मचारी अपना इलाज कराने आते है। यहाँ पर सीएमएस डॉ. विश्व मोहिनी सिन्हा के नेतृत्व में कोविड मरीजों का इलाज किया जा रहा है।

गंभीर रोगियों के लिए आरडीएसओ और बादशाहनगर चिकित्सा- लय में उपचार की व्यवस्था है। कोविड-१९ के प्रोटोकॉल के तहत ओपीडी में मरीजों को देखा जाएगा।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः
१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा**

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-९० पोस्ट ए.डी-८ मो.९७६३६५६०४४ ९६५१८०४७८८, ९६३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०


## सार्वजनिक सूचना

### उत्तर मध्य रेल करेगा माल उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान

# व्यापार विकास ईकाईयों का गठन



### व्यापार विकास ईकाईयों की भूमिका

- लोडिंग बढ़ाने हेतु व्यापार एवं उद्योग प्रतिनिधियों से लगातार बातचीत।
- विचार एवं समाधानः–
  a) शेड/साइडिंग एवं फ्रेट इंफ्रास्ट्रक्चर संबंधी मामले।
  b) वैगन और फ्रेट रोलिंग स्टॉक संबंधी मामले।
  c) वित्त संबंधी माल भाड़ा मामले।
  d) फ्रेट लोडिंग से सम्बन्धित अन्य मामले।
- संभावित उपभोक्ताओं से प्रस्ताव प्राप्त करना, विश्लेषण एवं सक्षम अधिकारी का अनुमोदन प्राप्त करना।
- आवश्यकता पड़ने पर रेलवे बोर्ड से सहायता/मदद लेने हेतु।
- विभिन्न माध्यमों द्वारा लक्षित समूहों तक माल भाड़ा प्रोत्साहन स्कीमों, परिवहन उत्पादों आदि का व्यापक प्रचार करना।

### कार्य करने की प्रक्रिया

- बीडीयू प्रत्येक महीने में कम से कम एक बार या आवश्यकतानुसार बैठक करेगा और विभिन्न नये प्रस्तावों, लंबित प्रस्तावों की प्रगति, गुड्स शेड, वैगनों एवं फ्रेट लोडिंग से संबंधित मामलों पर चर्चा करेगा।

**व्यापारी, उद्योगपति, मालभाड़ा ग्राहक फ्रेट लोडिंग से सम्बन्धित किसी भी विषय पर बीडीयू के निम्न समन्वयकों से सम्पर्क कर सकते हैं।**

| व्यापार विकास इकाई | कोआर्डिनेटर | नाम | सम्पर्क नं. (सीयूजी) | ई–मेल आईडी |
|---|---|---|---|---|
| उमरे/मुख्यालय | मुख्य माल यातायात प्रबंधक | श्री पी के ओझा | 9794835901 | ncrbdu@gmail.com |
| प्रयागराज मंडल | वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक | श्री एस के शुक्ला | 9794837900 | sdomald@gmail.com |
| झांसी मंडल | वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक | श्री शशिकांत त्रिपाठी | 9794838900 | srdom.jhs@gmail.com |
| आगरा मंडल | वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक | श्री आकांशु गोविल | 9760536900 | srdomagra@gmail.com |

## उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @CPRONCR 1087/20 (R)